संख्या– 1719 /रा0आ0का0/2016–17

प्रेषक,

शिवराम,
वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी,
राहत आयुक्त कार्यालय,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊः दिनॉक : 21 मार्च, 2017

**विषयः– वर्तमान वित्तीय वर्ष 2016–17 में अनुदान संख्या–51 के विभिन्न लेखाशीर्षकों में आवंटित धनराशि के व्यय विवरण तथा समर्पण की सूचना उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2016–17 में अनुदान संख्या–51 के विभिन्न लेखाशीर्षकों में धनराशियॉ आवंटित की गयी है। लेखाशीर्षो का विवरण इस प्रकार हैः–

| कसं | लेखाशीर्ष |
|---|---|
| 1 | 2245–05–800–06–**01–सूखा राहत** हेतु स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय |
| 2 | 2245–05–800–06–**02–बाढ़ राहत** हेतु स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय |
| 3 | 2245–05–800–06–**03–चकवात राहत** हेतु स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय |
| 4 | 2245–05–800–06–**04–भूकम्प राहत** हेतु स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय |
| 5 | 2245–05–800–06–**05–ओलावृष्टि राहत** हेतु स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय |
| 6 | 2245–05–800–06–**06–बादल फटने** पर राहत हेतु स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय |
| 7 | 2245–05–800–06–**07–अग्निकांड राहत** हेतु स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय |
| 8 | 2245–05–800–06–**08–शीतलहरी/पाला** से राहत हेतु स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय |
| 9 | 2245–05–800–06–**09–राज्य सरकार द्वारा घोषित अन्य आपदाओं** हेतु स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय |
| 9 | 2245–05–800–06–**10–स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय** |
| 10 | 2245–05–800–06–**11–स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से सामान्य व्यय** |
| 11 | 2245–80–800–07–00–**जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण हेतु सहायता अनुदान (गैर वेतन)** |
| 12 | 2245–05–800–04–00–**दैवी आपदा से प्रभावित किसानों को राज्य सरकार से अतिरिक्त सहायता** |
| 13 | 2245–05–800–05–00–**नेशनल डिसास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय** |

2– इस संबंध में उल्लेख करना है कि शासनादेश संख्या–1128/1–10–2016 दिनांक–10.10.2016 द्वारा प्रदेश के 52 जनपदों को लेखाशीर्ष–2245–05–800–04–00–दैवी आपदा से प्रभावित किसानों को राज्य सरकार से अतिरिक्त सहायता के अंतर्गत कुल धनराशि रू0 1699.71 करोड़ स्वीकृत की गयी है। इसी प्रकार खरीफ सूखा मेमोरेण्डम के सापेक्ष भारत सरकार से प्राप्त रू0 934.32 करोड तथा रबी सूखा मेमोरेण्डम के सापेक्ष शासनादेश दिनांक–19.09.2016 द्वारा धनराशि रू0 622.76 करोड़ जनपदों को लेखाशीर्ष–2245–05–800–05–00–नेशनल डिसास्टर रेस्पांस फण्ड स्वीकृत की गयी है। उक्त के अतिरिक्त अन्य लेखाशीर्षकों में शासन द्वारा अलग–अलग तिथियों में विभिन्न शासनादेशों से राज्य आपदा मोचक निधि से धनराशि स्वीकृत की गयी है।

3– अतः इस संबंध में अनुरोध है कि जनपद को उपरोक्त लेखाशीर्षो में स्वीकृत धनराशि, उसके सापेक्ष कोषागार से आहरित धनराशि तथा होने वाली बचत और समर्पण का लेखाशीर्षवार पूर्ण विवरण दिनांक 31 मार्च 2017 के तक सचिव एवं राहत आयुक्त कार्यालय उ0प्र0 शासन के फैक्स सं0–0522–2238084 तथा ईमेल–rahat@nic.in पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शिवराम)
वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी
21/3/17